दिनांक 03.10.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ एकीकृत आजीविका मिशन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं से शिक्षित युवा बेराजगारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 16.08.17 से 18.08.17 तक आयोजित शिविर में विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण हेतु कुल 2707 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों के आवेदकों का दिनांक 03.10.17 से 11.10.17 तक प्रशिक्षण प्रदाताओं (वी.टी.पी.) के साथ कोर्सवार काउन्सलिंग आयोजित किया गया है। आयोजित शिविर निगम मुख्यालय के सभागार में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रखा गया है। प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के द्वारा विभिन्न कोर्स/ट्रेड में इच्छुक युवा बेराजगारों को उचित जानकारी देकर उनके रुचि एवं नजदीकी संस्थानों में प्रशिक्षण हेतु बैच तैयार किया जावेगा।

दिनांक 03.10.17 को निगम सभागार में कोर्स/ट्रेड टैली हेतु आयोजित काउन्सलिंग में प्रशिक्षण से संबंधित शासकीय एवं अशासकीय प्रशिक्षण प्रदाता संस्थान तथा मिशन प्रबंधक श्री वासुदेव बेनर्जी के उपस्थिति में 258 युवा बेराजगारों का काउन्सलिंग किया गया।

दिनांक 04.10.17 को निगम जोन–2 वैशालीनगर पानी टंकी कार्यालय में शिविर एवं कोर्स/ट्रेड डी.टी.पी. एवं मोबाईल रिपेयरिंग में काउन्सलिंग प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया गया है।

जन सम्पर्क अधिकारी

नगर पालिक निगम , भिलाई